**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक – 04.05.2026 (सुबह – 0830 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **केन्द्र सरकार का बाल स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम में मानसिक स्वास्थ्य, एनसीडी स्क्रीनिंग को जोड़ा।**
2. **केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने न्याय प्रणाली को सुलभ और सशक्त बनाने पर दिया बल, कहा – रांची में जल्द स्थापित होगी केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण की स्थायी पीठ।,**
3. **रांची में नौका विहार करने वाले सभी पर्यटकों के लिए लाइफ जैकेट पहनना अनिवार्य, उपायुक्त ने सभी डैम और जलाशयों में मजबूत सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बैठक में दिए निर्देश।**
4. **राज्य के कई हिस्सों में आज वज्रपात और ओलावृष्टि का ऑरेन्ज अलर्ट, आंधी चलने की भी चेतावनी**
5. **और खेलो इंडिया अस्मिता नेशनल ट्रैक साइकिलिंग लीग प्रतियोगिता में ईस्ट जोन ने जीते सर्वाधिक पदक, झारखंड की सरिता कुमारी बनी "बेस्ट वुमन एथलीट।**

**और अब समाचार विस्तार से**

********************

केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने हाल ही में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के दूसरे चरण के दिशानिर्देश जारी किए हैं। इसमें गैर–संक्रामक रोगों, मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों और व्यवहार संबंधी चिंताओं सहित आधुनिक स्वास्थ्य चुनौतियों को शामिल किया गया है। इसमें जन्म से लेकर 18 वर्ष की आयु तक के बच्चों के स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करते हुए अधिक व्यापक और जीवनचक्र–आधारित दृष्टिकोण अपनाया गया है।

********************

केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा है रांची में जल्द ही केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण, कैट की स्थायी पीठ स्थापित की जाएगी। रांची में कल केन्द्रीय लॉ ऑफिसर्स के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने ये बातें कही। श्री मेघवाल ने झारखंड के रांची में उच्च न्यायालय के अधिवक्ताओं से न्यायिक व्यवस्था में चुनौतियों, सुधारों और अधिवक्ताओं की भूमिका पर चर्चा की। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री ने अधिवक्ताओं से न्याय प्रणाली को सुलभ और सशक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल कई कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान संवाददाताओं से बात करते हुए उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल साक्षरता पर बल दिया।

दौरे के अंतिम चरण में उन्होंने सांसद सांस्कृतिक महोत्सव सह स्वदेशी मेला के समापन समारोह में भाग लेकर स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

********************

केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने उन खबरों और सोशल मीडिया पोस्ट का खंडन किया है जिनमें कहा गया था कि आधार कार्ड का स्वरूप इस साल के अंत तक बदलकर केवल एक फोटो और एक क्यूआर कोड वाला हो जाएगा। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि सरकार की ऐसी कोई योजना नहीं है।

********************

झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से सात वर्षीय ईशांक सिंह ने अपने परिवार के साथ शिष्टाचार भेंट की। गौरतलब है कि ईशांक ने भारत और श्रीलंका के बीच स्थित लगभग 29 किलोमीटर लंबी पाक जलडमरूमध्य को पार कर विश्व रिकॉर्ड बनाया है। इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई देते हुए राज्यपाल ने इसे अनुशासन, साहस और समर्पण का उदाहरण बताया और कहा कि उन्होंने राज्य और देश को गौरवान्वित किया है। ईशांक सिंह तीसरी कक्षा के छात्र हैं। उन्होंने 30 अप्रैल को श्रीलंका के तलाईमन्नार से तमिलनाडु के धनुष्कोडी तक की तैराकी 9 घंटे 50 मिनट में पूरी की।

*******************

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अपनी बहुप्रतीक्षित नई प्रदेश कमेटी की आधिकारिक घोषणा कर दी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने इसकी जानकारी दी ।

कांग्रेस की नई कमेटी पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने तीखी प्रतिक्रिया दी है उन्होंने कहा कि कांग्रेस की इस नई सूची में परिवारवाद की स्पष्ट झलक दिखाई दे रही है

*******************

रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में जिले के सभी डैम और जलाशयों में बोटिंग के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने को लेकर बैठक हुई। बैठक में वाटर ट्रांसपोर्ट एक्शन ग्रुप के गठन तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सभी पर्यटकों के लिए लाइफ जैकेट पहनना अनिवार्य करते हुए बिना जैकेट बोटिंग कराने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई। इसके साथ ही मौसम निगरानी, बोट फिटनेस जांच, नशापान पर प्रतिबंध और सुरक्षा मानकों के उल्लंघन पर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए।

*******************

भारतीय अंतरिक्ष स्टार्टअप गैलेक्सी आई ने कैलिफोर्निया से स्पेसएक्स के फाल्कन–9 रॉकेट से विश्व के पहले ऑप्टोसार उपग्रह, मिशन दृष्टि, का प्रक्षेपण किया। उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गैलेक्सी को बधाई देते हुए इसे भारत के अंतरिक्ष और नवाचार के सफर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है।

*******************

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय सभी राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों तथा संबंधित केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों के सहयोग से आज से अखिल भारतीय 'अग्नि सुरक्षा सप्ताह' मनाएगा। इसका उद्देश्य देश भर के स्वास्थ्य केंद्रों में अग्नि संबंधी खतरों की रोकथाम और निवारण के महत्व के बारे में जागरूकता को बढ़ाना है।

*******************

राजधानी रांची में अपराध नियंत्रण को लेकर एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया । एसएसपी राकेश रंजन के निर्देश पर सिटी एसपी,ट्रैफिक एसपी और ग्रामीण एसपी के नेतृत्व में अपराधियों और असमाजिक तत्वों के खिलाफ रांची जिले के विभिन्न हॉट स्पॉट और संवेदनशील इलाकों में कल देर शाम पुलिस ने सघन जांच अभियान चलाया ।

********************

मौसम विभाग ने आज राज्य के कई जिलों में बारिश के साथ वज्रपात  और ओलावृष्टि की संभावना जताई है। इस दौरान 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का भी अनुमान है। इसे लेकर मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

********************

हॉकी की नर्सरी सिमडेगा जिले की स्थापना के रजत जयंती उत्सव के अवसर पर  सातंवी सब जूनियर सिमडेगा जिला महिला हॉकी चौंपियनशिप का आयोजन हुआ। कल खेले गए फाइनल मैच में स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर,सिमडेगा की टीम ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर, लचरागढ़ को 1—— 0 से पराजित किया।

********************

खेलो इंडिया अस्मिता नेशनल ट्रैक साइकिलिंग लीग में ईस्ट जोन ने सर्वाधिक अंक हासिल कर ओवरऑल चौंपियन बनने का खिताब जीता। रुद्रपुर में आयोजित इस प्रतियोगिता में देशभर से दो सौ उनचास महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें झारखंड की खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जोन की जीत में अहम योगदान दिया। झारखंड की सरिता कुमारी को शानदार प्रदर्शन के लिए "बेस्ट वुमन एथलीट" चुना गया।

********************

**<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>**

रांची से प्रकाशित होने वाले अधिकतर प्रमुख अख़बारों ने बंगाल समेत पांच राज्यों के चुनाव की मतगणना की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

**दैनिक जागरण की सुर्खी है**—बंगाल समेत पांज्य राज्यों की नई सरकार पर फैसला आज

**हिंदुस्तान की हेडलाइन है**—सीएम ने आदिवासियों की पहचान के लिए राष्ट्रपति को लिखा पत्र।

**प्रभात खबर ने लिखा है**—कल जारी हो सकता है इंटर का रिजल्ट

**दैनिक भास्कर ने लिखा है —ट्रेजरी घोटाला, एसआईटी 3 आरोपियों को आज ले सकती है रिमांड पर ।**

*********समाप्त***********